बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0....................../2024

डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 के आधार पर राज्य के गैर सरकारी डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु तृतीय चयन सूची जारी किए जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

समिति की विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 236/2024 के क्रम में सभी संबंधित हितधारकों को यह सूचित किया जाता है कि राज्य के डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 के पश्चात् ऑनलाइन आवेदन के आधार पर प्रथमतः सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु नियमानुसार सीट आवंटन तथा नामांकन की कार्रवाई की गई है। तत्पश्चात् समिति की विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 339/2024 व पी०आर० 350/2024 के माध्यम से राज्य के गैर सरकारी संस्थानों के लिए दो चरणों में, क्रमशः, प्रथम व द्वितीय चयन सूची जारी कर नामांकन की कार्रवाई की गई है।

2. दो चरणों में सूची जारी कर नामांकन के पश्चात् कतिपय गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में सीट रिक्त रह जाने के कारण मेरिट–कम–च्वॉइस के आधार पर गैर सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु तृतीय चयन सूची तैयार कर जारी की जानी है।

3. तद्नुसार गैर सरकारी संस्थानों के लिए तृतीय चयन सूची जारी करने एवं नामांकन की अन्य गतिविधियों की समय सारणी निम्नवत् है :–

क्र० सं०	कार्य	तिथि
i	तृतीय चरण की चयन सूची जारी होने की तिथि	22.10.2024
ii	आवेदकों को तृतीय पत्र (Third Intimation Letter) निर्गत करने की तिथि	22.10.2024
iii	नामांकन की अवधि	22.10.2024 से 26.10.2024 तक
iv	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से सीट अद्यतन (Updation) किया जाना	27.10.2024 तक

4. तृतीय चरण में जिन आवेदकों का नामांकन हेतु संस्थान का आवंटन हुआ है, उन्हें यह परामर्श दिया जाता है कि वे उक्त निर्धारित तिथि **26.10.2024 तक** अपना नामांकन अवश्य करा लें, अन्यथा उनका संस्थान आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा।

5. वैसे सभी आवेदक जिन्होंने प्रथम अथवा द्वितीय चयन सूची के आधार पर अपने आवंटित गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थान में मात्र 3,000/– रूपये की सुरक्षा राशि जमा कर नामांकन लिया था, वे इस तृतीय चरण के नामांकन की निर्धारित तिथि अर्थात् **26.10.2024 तक** अपने नामांकन के संस्थान में प्रथम वर्ष के शुल्क की शेष राशि अनिवार्य रूप से जमा कर दें, अन्यथा उनका नामांकन निरस्त कर दिया जाएगा।

6. डी०एल०एड० कोर्स संचालित सभी संस्थानों के प्राचार्य को निर्देश दिया जाता है कि इस संबंध में समिति की विज्ञप्ति/पत्रों के माध्यम से समय–समय पर दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

7. समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 236/2024 में निर्धारित अन्य निर्देश एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

21/10/24

परीक्षा नियंत्रक, विविध
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

21.10.24

ज्ञापांक–टी०टी०प्रे० 456 /2024 पटना, दिनांक– 21 / 10 /2024

प्रतिलिपि :–1. जन सम्पर्क पदाधिकारी को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. किड्स इंटरनेशनल सर्विस प्रा०लि० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. ई०डी०पी०, मैनेजर, आई०टी० (OFSS), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाए तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. वित्त पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित

6. निदेशक (शैक्षणिक), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7. निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

8. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं निदेशक, आई०टी० को सूचनार्थ प्रेषित।

21/10/24

परीक्षा नियंत्रक, विविध
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

21.10.24